6. यदि $0{\cdot}232323\ldots = \frac{p}{q}$ और $0{\cdot}23333\ldots = \frac{r}{s}$, दोनों अपने निम्नतम पदों में, तो $p + q + r + s$ का मान है :

(A) 159 (B) 150

(C) 235 (D) 242

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If $0{\cdot}232323\ldots = \frac{p}{q}$ and $0{\cdot}23333\ldots = \frac{r}{s}$, both in their lowest terms, then the value of $p + q + r + s$ is :

(A) 159 (B) 150

(C) 235 (D) 242

(E) None of the above

7. दो-अंकों की एक संख्या के अंकों का योगफल 9 है। यदि संख्या के अंकों को आपस में बदल दिया जाए, तो बनने वाली नई संख्या मूल संख्या से 45 अधिक हो जाती है। मूल संख्या कौन-सी है ?

(A) 72 (B) 27

(C) 36 (D) 18

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The sum of the digits of a two-digit number is 9. If the digits of the number are reversed, the new number formed is 45 more than the original number. What is the original number ?

(A) 72 (B) 27

(C) 36 (D) 18

(E) None of the above

8. x का मान ज्ञात कीजिए, यदि $3^4 \times 3^x = 3^8$ है।

(A) 12 (B) 32

(C) 4 (D) 2

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Find the value of x, if $3^4 \times 3^x = 3^8$.

(A) 12 (B) 32

(C) 4 (D) 2

(E) None of the above

9. यदि प्रेक्षणों के एक समुच्चय $x_1, x_2, x_3, \ldots, x_{10}$ का माध्य 20 है, तो $x_1 + 5, x_2 + 10, x_3 + 15, \ldots, x_{10} + 50$ का माध्य है :

(A) 47·5

(B) 37·5

(C) 41·5

(D) 53·5

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If the mean of a set of observations $x_1, x_2, x_3, \ldots, x_{10}$ is 20, then the mean of $x_1 + 5, x_2 + 10, x_3 + 15, \ldots, x_{10} + 50$ is :

(A) 47·5

(B) 37·5

(C) 41·5

(D) 53·5

(E) None of the above

10. विद्यालय A में, 1250 छात्रों को सबसे बड़ी संभव ठोस वर्गाकार संरचना में व्यवस्थित किया गया है। कितने छात्र अव्यवस्थित रह गए ?

(A) 15

(B) 20

(C) 25

(D) 30

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In School A, 1250 students are arranged in the largest possible solid square formation. How many students are left unarranged ?

(A) 15

(B) 20

(C) 25

(D) 30

(E) None of the above

17. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(A) वाशिंगटन, डी.सी., यूएसए

(B) पेरिस, फ्रांस

(C) वियना, ऑस्ट्रिया

(D) लंदन, यूके

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Where is the headquarters of the International Monetary Fund (IMF) located ?

(A) Washington, D.C., USA

(B) Paris, France

(C) Vienna, Austria

(D) London, UK

(E) None of the above

18. किस हड़प्पाई स्थल को भारत का 40वाँ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है ?

(A) मोहनजो-दड़ो (B) धोलावीरा

(C) कालीबंगा (D) लोथल

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Harappan site has been declared India's 40th UNESCO World Heritage Site ?

(A) Mohenjo-daro (B) Dholavira

(C) Kalibangan (D) Lothal

(E) None of the above

19. केंद्र-शासित प्रदेश लक्षद्वीप की राजधानी क्या है ?

(A) मिनिकॉय (B) पोर्ट ब्लेयर

(C) कवरत्ती (D) अंद्रोत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the capital of the Union Territory of Lakshadweep ?

(A) Minicoy (B) Port Blair

(C) Kavaratti (D) Andrott

(E) None of the above

20. निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय दिवस अपनी तिथि से सही सुमेलित ***नहीं*** है ?

(A) मानवाधिकार दिवस – 10 दिसंबर

(B) श्रमिक दिवस – 5 मई

(C) पृथ्वी दिवस – 22 अप्रैल

(D) ओज़ोन दिवस – 16 सितंबर

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following International Days is ***not*** correctly matched with its date of observance ?

(A) Human Rights Day – December 10

(B) Labour Day – May 5

(C) Earth Day – April 22

(D) Ozone Day – September 16

(E) None of the above

21. कौन-सा पादप ऊतक, मेवे (नट) के छिलके जैसी संरचनाओं को कठोरता और यांत्रिक मज़बूती प्रदान करता है ?

(A) कॉलेंकाइमा (B) ऐरेंकाइमा

(C) स्क्लेरेंकाइमा (D) पैरेंकाइमा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which plant tissue provides hardness and mechanical strength to structures such as nutshells ?

(A) Collenchyma (B) Aerenchyma

(C) Sclerenchyma (D) Parenchyma

(E) None of the above

22. मानव मस्तिष्क का कौन-सा भाग शरीर के तापमान तथा भूख और प्यास की इच्छा को नियंत्रित करता है ?

(A) अनुमस्तिष्क (सेरेबेलम) (B) प्रमस्तिष्क (सेरीब्रम)

(C) हाइपोथैलेमस (D) मेडुला

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which part of the human brain regulates the body temperature and the urge for hunger and thirst ?

(A) Cerebellum (B) Cerebrum

(C) Hypothalamus (D) Medulla

(E) None of the above

23. 1 किलोवाट घंटा (kWh) किसके समतुल्य है ?

(A) $3{\cdot}6 \times 10^5$ J

(B) $3{\cdot}6 \times 10^6$ J

(C) $3{\cdot}6 \times 10^7$ J

(D) $3{\cdot}6 \times 10^8$ J

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

1 kWh is equivalent to :

(A) $3{\cdot}6 \times 10^5$ J

(B) $3{\cdot}6 \times 10^6$ J

(C) $3{\cdot}6 \times 10^7$ J

(D) $3{\cdot}6 \times 10^8$ J

(E) None of the above

24. किसी बाह्य चुंबकीय क्षेत्र में रखे सीधे धारावाही चालक पर लगने वाले बल की दिशा निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित में से किस नियम का उपयोग किया जाता है ?

(A) दाहिने हाथ की हथेली का नियम

(B) ऐम्पियर का परिपथीय नियम

(C) फ्लेमिंग का वाम-हस्त नियम

(D) दक्षिण-हस्त अंगुष्ठ का नियम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following rules is used to determine the direction of the force acting on a straight current-carrying conductor placed in an external magnetic field ?

(A) Right-Hand Palm Rule

(B) Ampère's Circuital Law

(C) Fleming's Left-Hand Rule

(D) Right-Hand Thumb Rule

(E) None of the above

25. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (सामान्य नाम)	**सूची II (रासायनिक सूत्र)**
a. बेकिंग सोडा	i. $CaSO_4 \cdot 2H_2O$
b. वाशिंग (धावन) सोडा	ii. $NaHCO_3$
c. जिप्सम	iii. $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$
d. प्लास्टर ऑफ पेरिस	iv. $CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$

कूट :

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(C) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(D) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

List I (Common Name)	**List II (Chemical Formula)**
a. Baking soda	i. $CaSO_4 \cdot 2H_2O$
b. Washing soda	ii. $NaHCO_3$
c. Gypsum	iii. $Na_2CO_3 \cdot 10H_2O$
d. Plaster of Paris	iv. $CaSO_4 \cdot \frac{1}{2}H_2O$

Code :

(A) a-ii, b-iii, c-i, d-iv

(B) a-ii, b-i, c-iii, d-iv

(C) a-iii, b-ii, c-iv, d-i

(D) a-iv, b-iii, c-i, d-ii

(E) None of the above

26. राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम किस वर्ष अधिनियमित किया गया था ?

(A) 1999 (B) 2001

(C) 2003 (D) 2005

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which year was the Fiscal Responsibility and Budget Management (FRBM) Act enacted ?

(A) 1999 (B) 2001

(C) 2003 (D) 2005

(E) None of the above

27. पी.सी. महालनोबिस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

I. उन्हें द्वितीय पंचवर्षीय योजना की रणनीति तैयार करने के लिए 'भारतीय योजना का वास्तुकार' के रूप में जाना जाता है।

II. उन्होंने 1933 में *सांख्य : द इंडियन जर्नल ऑफ स्टैटिस्टिक्स* की स्थापना की।

III. महालनोबिस मॉडल में कृषि और उपभोक्ता वस्तुओं में भारी विनियोग पर बल दिया गया था।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(A) केवल II और III (B) केवल I और II

(C) केवल I और III (D) I, II और III

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Consider the following statements regarding P.C. Mahalanobis :

I. He is known as the 'Architect of Indian Planning' for drafting the Second Five-Year Plan strategy.

II. He founded *Sankhyā : The Indian Journal of Statistics* in 1933.

III. The Mahalanobis Model emphasized heavy investment in agriculture and consumer goods.

Which of the above statements are correct ?

(A) II and III only (B) I and II only

(C) I and III only (D) I, II and III

(E) None of the above

28. हरित क्रांति से जुड़ी अधिक उपज देने वाली अर्ध-बौनी गेहूँ की किस्में किसके द्वारा विकसित की गई थीं ?

(A) बी.पी. पाल

(B) एम.एस. स्वामीनाथन

(C) नॉर्मन ई. बोरलॉग

(D) जी.एस. खुश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The high-yielding semi-dwarf wheat varieties related to the Green Revolution were developed by :

(A) B.P. Pal

(B) M.S. Swaminathan

(C) Norman E. Borlaug

(D) G.S. Khush

(E) None of the above

29. सार्वजनिक क्षेत्रक के उद्यमों (PSEs) की ईक्विटी का एक भाग जनता को बेचने की प्रक्रिया को कहा जाता है :

(A) अवमूल्यन

(B) विनिवेश

(C) अविनियमीकरण

(D) विमुद्रीकरण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The process of selling off a part of the equity of Public Sector Enterprises (PSEs) to the public is known as :

(A) Devaluation

(B) Disinvestment

(C) Deregulation

(D) Demonetisation

(E) None of the above

30. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची I (पंचवर्षीय योजना)		**सूची II (प्राथमिकता/बल)**
a. पाँचवीं पंचवर्षीय योजना	i.	सामाजिक न्याय और समानता के साथ विकास
b. नौवीं पंचवर्षीय योजना	ii.	खाद्य, रोजगार और उत्पादकता
c. द्वितीय पंचवर्षीय योजना	iii.	गरीबी उन्मूलन (गरीबी हटाओ) और आत्मनिर्भरता
d. सातवीं पंचवर्षीय योजना	iv.	भारी और बुनियादी उद्योग

कूट :

(A) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

List I (Five-Year Plan)		**List II (Emphasis)**
a. Fifth Five-Year Plan	i.	Growth with Social Justice and Equality
b. Ninth Five-Year Plan	ii.	Food, Work and Productivity
c. Second Five-Year Plan	iii.	Poverty Removal and Self-Reliance
d. Seventh Five-Year Plan	iv.	Heavy and Basic Industries

Code :

(A) a-iii, b-i, c-iv, d-ii

(B) a-ii, b-iv, c-i, d-iii

(C) a-i, b-iii, c-ii, d-iv

(D) a-iv, b-ii, c-iii, d-i

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित सारणी का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (31 से 35) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following table and answer the questions (31 to 35) that follow :*

2021 और 2022 में कंपनियों A, B, C और D द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की संख्या

Number of sanitizers sold by companies A, B, C and D in 2021 and 2022

वर्ष/Year → / कंपनी/Company ↓	बेचे गए सैनिटाइज़रों की संख्या/Number of Sanitizers Sold	
	2021	**2022**
A	230	240
B	350	380
C	310	390
D	270	310

31. 2022 में कंपनियों B और C द्वारा मिलकर बेचे ग सैनिटाइज़रों की संख्या, 2021 में कंपनियों B और C व संयुक्त बिक्री का कितना प्रतिशत है (दशमलव के दो स्था तक पूर्णांकित कीजिए) ?

(A) 120·56%

(B) 116·67%

(C) 125·86%

(D) 112·53%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined number of sanitizers sold b Companies B and C in 2022 is what percentag of their (Companies B and C) combined sales i 2021 (Round off to two decimal places) ?

(A) 120·56%

(B) 116·67%

(C) 125·86%

(D) 112·53%

(E) None of the above

32. 2022 में चारों कंपनियों द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की औसत (माध्य) संख्या और 2021 में उन सभी चारों कंपनियों द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की औसत (माध्य) संख्या के बीच क्या अंतर है ?

(A) 60

(B) 40

(C) 70

(D) 50

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between the average (mean) number of sanitizers sold by the four companies in 2022 and the average (mean) number sold by all the four companies in 2021 ?

(A) 60

(B) 40

(C) 70

(D) 50

(E) None of the above

33. 2021 से 2022 तक कंपनी C की बिक्री में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) ?

(A) 22·40%

(B) 25·81%

(C) 31·50%

(D) 18·25%

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By what percentage did the sales of Company C increase from 2021 to 2022 (Round off to two decimal places) ?

(A) 22·40%

(B) 25·81%

(C) 31·50%

(D) 18·25%

(E) None of the above

34. 2022 में कंपनियों A और B द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की कुल संख्या और 2021 और 2022 में कंपनी D द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की कुल संख्या के बीच क्या अंतर है ?

(A) 50

(B) 60

(C) 40

(D) 30

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the difference between the combined number of sanitizers sold by Companies A and B in 2022 and the total number of sanitizers sold by Company D in 2021 and 2022 ?

(A) 50

(B) 60

(C) 40

(D) 30

(E) None of the above

35. 2022 में चारों कंपनियों द्वारा बेचे गए सैनिटाइज़रों की कुल संख्या, 2021 में बेचे गए सैनिटाइजरों की कुल संख्या से कितनी अधिक है ?

(A) 160

(B) 140

(C) 170

(D) 150

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

By how many sanitizers does the total number sold by all four companies in 2022 exceed the total number of sanitizers sold in 2021 ?

(A) 160

(B) 140

(C) 170

(D) 150

(E) None of the above

36. भारत की संविधान सभा में एकमात्र दलित महिला सदस्य निम्नलिखित में से कौन थीं ?

(A) दक्षायणी वेलायुधन

(B) राजकुमारी अमृत कौर

(C) हंसा मेहता

(D) सुचेता कृपलानी

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following was the only Dalit woman member of the Constituent Assembly of India ?

(A) Dakshayani Velayudhan

(B) Rajkumari Amrit Kaur

(C) Hansa Mehta

(D) Sucheta Kriplani

(E) None of the above

37. वर्तमान में (2026) भारत में कुल कितने राज्य और केंद्र-शासित प्रदेश हैं ?

(A) 29 राज्य और 8 केंद्र-शासित प्रदेश

(B) 29 राज्य और 7 केंद्र-शासित प्रदेश

(C) 28 राज्य और 9 केंद्र-शासित प्रदेश

(D) 28 राज्य और 8 केंद्र-शासित प्रदेश

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

How many States and Union Territories are there in India at present (2026) ?

(A) 29 States and 8 Union Territories

(B) 29 States and 7 Union Territories

(C) 28 States and 9 Union Territories

(D) 28 States and 8 Union Territories

(E) None of the above

38. मौलिक अधिकारों को लागू कराने के लिए सर्वोच्च न्यायाल द्वारा निम्नलिखित में से क्या जारी किया जा सकता है ?

(A) विनियम

(B) उद्घोषणाएँ

(C) अध्यादेश

(D) रिट

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following can be issued by t Supreme Court for the enforcement Fundamental Rights ?

(A) Regulations

(B) Proclamations

(C) Ordinances

(D) Writs

(E) None of the above

39. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद "अस्पृश्यता" समाप्त करता है और किसी भी रूप में इसके आचरण निषिद्ध करता है ?

(A) अनुच्छेद 14

(B) अनुच्छेद 17

(C) अनुच्छेद 19

(D) अनुच्छेद 15

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Article of the Indian Constitutio abolishes "Untouchability" and forbids it practice in any form ?

(A) Article 14

(B) Article 17

(C) Article 19

(D) Article 15

40. 74वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 को किस अन्य नाम से भी जाना जाता है ?

(A) पंचायती राज अधिनियम

(B) जिला योजना अधिनियम

(C) नगरपालिका अधिनियम

(D) छावनी अधिनियम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The 74th Constitutional Amendment Act, 1992, is also known as the :

(A) Panchayati Raj Act

(B) District Planning Act

(C) Nagarpalika Act

(D) Cantonments Act


(E) None of the above

निर्देश: *नीचे दिए गए रेखा आलेख का अध्ययन कीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्नों (41 से 45) के उत्तर दीजिए :*

Direction : *Study the following line graph and answer the questions (41 to 45) that follow :*

वर्ष 2021 से 2025 के लिए वार्षिक निर्यात और आयात

Annual Exports and Imports for the Years 2021 to 2025



41. 2021 और 2023 के संयुक्त आयात का 2022 और 2025 के संयुक्त निर्यात से अनुपात क्या है ?

(A) 8 : 9

(B) 7 : 8

(C) 6 : 7

(D) 5 : 6

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

What is the ratio of the combined Imports in 2021 and 2023 to the combined Exports in 2022 and 2025 ?

(A) 8 : 9

(B) 7 : 8

(C) 6 : 7

(D) 5 : 6

(E) None of the above

42. यदि 2025 में आयात में 20% की कमी होती है, जबकि 2025 में निर्यात अपरिवर्तित रहते हैं, तो निर्यात, आयात से कितनी राशि से अधिक होगा ?

(A) ₹ 30 करोड़

(B) ₹ 75 करोड़

(C) ₹ 50 करोड़

(D) ₹ 45 करोड़

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

If Imports in 2025 decrease by 20%, while Exports in 2025 remain unchanged, then by what amount will Exports be greater than Imports ?

(A) ₹ 30 crore

(B) ₹ 75 crore

(C) ₹ 50 crore

(D) ₹ 45 crore

(E) None of the above

43. सभी पाँच वर्षों का संयुक्त निर्यात, सभी पाँच वर्षों के संयुक्त आयात का कितना प्रतिशत है ?

(A) 90·5%
(B) 87·5%
(C) 85·5%
(D) 82·5%
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The combined Exports for all five years constitute what percentage of the combined Imports for all five years ?

(A) 90·5%
(B) 87·5%
(C) 85·5%
(D) 82·5%
(E) None of the above

44. निम्नलिखित में से किस वर्ष में आयात और निर्यात के बीच का अंतर न्यूनतम था ?

(A) 2025
(B) 2023
(C) 2022
(D) 2024
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

In which of the following years was the difference between Imports and Exports the minimum ?

(A) 2025
(B) 2023
(C) 2022
(D) 2024
(E) None of the above

45. 2025 का निर्यात, 2021 और 2025 के संयुक्त निर्यात का कौन-सा अंश (भिन्न) है ?

(A) $\frac{7}{13}$
(B) $\frac{3}{13}$
(C) $\frac{5}{13}$
(D) $\frac{9}{13}$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Exports in 2025 constitute what fraction of the combined Exports in 2021 and 2025 ?

(A) $\frac{7}{13}$
(B) $\frac{3}{13}$
(C) $\frac{5}{13}$
(D) $\frac{9}{13}$
(E) None of the above

46. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन की निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार, पहले से बाद के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

I. चौरी-चौरा की घटना
II. नमक यात्रा (दांडी मार्च)
III. जलियाँवाला बाग हत्याकांड
IV. असहयोग आंदोलन की शुरुआत

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही क्रम चुनिए :

(A) IV, III, I, II
(B) III, I, IV, II
(C) III, IV, I, II
(D) I, III, IV, II
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Arrange the following events of the Indi National Movement in chronological order, fro earliest to latest :

I. Chauri-Chaura Incident
II. Salt March (Dandi March)
III. Jallianwala Bagh Massacre
IV. Launch of the Non-Cooperation Movemen

Select the correct sequence using the code giv below :

(A) IV, III, I, II
(B) III, I, IV, II
(C) III, IV, I, II
(D) I, III, IV, II
(E) None of the above

47. निम्नलिखित में से किस क्रांतिकारी संगठन की स्थापना 19 में वी.डी. सावरकर ने की थी ?

(A) हिंदू महासभा
(B) अनुशीलन समिति
(C) अभिनव भारत सोसाइटी
(D) फ्री इंडिया सोसाइटी
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following revolutionar organisations was founded by V.D. Savarkar 1904 ?

(A) Hindu Mahasabha
(B) Anushilan Samiti
(C) Abhinav Bharat Society
(D) Free India Society
(E) None of the above

48. 1905 में सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी (भारत सेवक समाज) की स्थापना किसने की ?

(A) गोपाल गणेश अगरकर

(B) सुरेंद्रनाथ बनर्जी

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) गोपाल कृष्ण गोखले

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who founded the Servants of India Society in 1905 ?

(A) Gopal Ganesh Agarkar

(B) Surendranath Banerjee

(C) Dadabhai Naoroji

(D) Gopal Krishna Gokhale

(E) None of the above

49. किस अधिनियम ने ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार को राजनीतिक कैदियों को बिना मुकदमे के दो वर्ष तक हिरासत में रखने की अनुमति दी ?

(A) वर्नाक्यूलर प्रेस अधिनियम

(B) भारतीय परिषद् अधिनियम

(C) रॉलेट अधिनियम

(D) आयुध अधिनियम

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which Act allowed the British colonial government to detain political prisoners without trial for two years ?

(A) Vernacular Press Act

(B) Indian Councils Act

(C) Rowlatt Act

(D) Arms Act

(E) None of the above

50. निम्नलिखित में से किस नेता को "केरल गाँधी" के नाम से जाना जाता था ?

(A) के. केलप्पन

(B) टी.के. माधवन

(C) ए.के. गोपालन

(D) के.पी. केशव मेनन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Who among the following leaders was known as the "Kerala Gandhi" ?

(A) K. Kelappan

(B) T.K. Madhavan

(C) A.K. Gopalan

(D) K.P. Kesava Menon

(E) None of the above

Directions : *Read the following passage carefully and answer the questions (51 and 52) that follow :*

Mount Everest stands as a monument of beautiful duality. From a distance, its snow-capped peak looks majestic and peaceful, touching the clouds like a sleeping giant. Up close, however, it is a brutal and unforgiving environment where hurricane-force winds and freezing temperatures test the limits of human endurance. On this mountain, breathtaking majesty and deadly danger are perfectly combined. While it inspires thousands of climbers to achieve their greatest dreams, it also claims the lives of those who make even the smallest mistake. Unlike smaller mountains that offer a fun, relaxing weekend hike, Everest requires months of gruelling preparation and a willingness to face extreme hardship.

51. The phrase "sleeping giant" is used in the passage to describe Everest's :

(A) sudden, unpredictable and deadly mountain hazards

(B) peaceful, calm and towering appearance

(C) brutal and unforgiving conditions up close

(D) inspiring nature that motivates climbers to fulfil their dreams

(E) None of the above

52. According to the passage, unlike climbing smaller mountains, climbing Everest requires :

(A) a team of experienced local guides

(B) basic trekking experience

(C) months of gruelling preparation

(D) a few weekends of practice

(E) None of the above

53. Choose the word that is most nearly opposite in meaning to "LUCID".

(A) Coherent

(B) Obscure

(C) Intelligible

(D) Explicit

(E) None of the above

54. Identify the type of noun represented by the underlined word in the following sentence :

"A committee of five members was formed to investigate the matter."

(A) Common Noun

(B) Proper Noun

(C) Collective Noun

(D) Abstract Noun

(E) None of the above

55. Choose the correct form of the passive voice to complete the sentence.

Someone has stolen my bicycle.

My bicycle _____.

(A) has stolen

(B) was stolen

(C) has been stolen

(D) is stealing

(E) None of the above

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (56 से 60) के उत्तर दीजिए :*

साहित्य और समाज का संबंध अन्योन्याश्रित एवं शाश्वत है। साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है, क्योंकि इसमें युगीन परिस्थितियों, सामाजिक चेतना, आस्थाओं और विसंगतियों का सजीव प्रतिबिंब दिखाई देता है। किंतु साहित्य केवल समाज का निष्क्रिय प्रतिबिंब मात्र नहीं है, बल्कि वह समाज का दिशा-निर्देशक और पथ-प्रदर्शक भी है। एक उच्च कोटि का साहित्यकार अपनी सूक्ष्म दृष्टि से समकालीन समस्याओं की पहचान करता है और अपनी रचनाधर्मिता के माध्यम से जनमानस को झकझोर कर जागरूक बनाता है।

इतिहास साक्षी है कि जब-जब समाज में नैतिक मूल्यों का पतन हुआ है या विषमता और शोषण का अंधकार व्याप्त हुआ है, तब-तब साहित्यकारों ने अपनी लेखनी से क्रांति की मशाल जलाई है। भारत के भक्ति आंदोलन से लेकर स्वतंत्रता संग्राम तक, कबीर, तुलसी, प्रेमचंद और दिनकर जैसे रचनाकारों ने सामाजिक कुरीतियों, धार्मिक आडंबरों और राजनीतिक पराधीनता के विरुद्ध जन-जागरण का अभूतपूर्व कार्य किया। साहित्य ने सदैव मानवीय संवेदनात्मकता, बंधुत्व और भावात्मक एकता को संपोषित किया है।

आधुनिक युगीन संदर्भों में, जहाँ भौतिकतावादी दृष्टिकोण और तकनीकी होड़ के कारण मानवीय संबंध संवेदनशील न रहकर यांत्रिक होते जा रहे हैं, वहाँ साहित्य की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। साहित्य मनुष्य के भीतर की करुणा, सहानुभूति और नैतिक विवेक को जीवित रखता है। यह व्यक्ति को स्वार्थ की संकीर्ण परिधि से निकालकर समष्टि चेतना से जोड़ता है। संक्षेप में, साहित्य समाज की आत्मा है; जिस समाज का साहित्य समृद्ध नहीं होता, वह समाज वैचारिक और सांस्कृतिक रूप से निष्प्राण हो जाता है। अतः एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु साहित्य का संरक्षण, अनुशीलन एवं संवर्धन अनिवार्य है।

56. एक स्वस्थ एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण हेतु क्या आवश्यक ***नहीं*** है ?

(A) साहित्य का संरक्षण

(B) साहित्य का अनुशीलन

(C) साहित्य का संवर्धन

(D) साहित्य का केन्द्रीकरण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. गद्यांश के अनुसार, जिस समाज में साहित्य समृद्ध नहीं होता वह समाज :

(A) तकनीकी विकास करता है

(B) आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो जाता है

(C) राजनीतिक और प्रशासनिक रूप से अधिक शक्तिशाली हो जाता है

(D) वैचारिक और सांस्कृतिक रूप से निष्प्राण हो जाता है

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58. गद्यांश के अनुसार, आधुनिक युग में मानवीय संबंधों के यांत्रिक होने का मुख्य कारण किसे माना गया है ?

(A) साहित्य के पठन-पाठन की अधिकता

(B) भौतिकतावादी दृष्टिकोण और तकनीकी होड़

(C) सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रसार

(D) नैतिक और धार्मिक शिक्षा की अतिशयता

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. गद्यांश के अनुसार साहित्य और समाज के मध्य किस प्रकार का संबंध है ?

(A) क्षणिक और स्वार्थी

(B) आर्थिक और राजनीतिक

(C) काल्पनिक और अस्थिर

(D) अन्योन्याश्रित और शाश्वत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. एक उच्च कोटि का साहित्यकार समाज में क्या भूमिका निभाता है ?

(A) वर्तमान समस्याओं को पहचानकर जनमानस को जागरूक बनाना

(B) प्राचीन मान्यताओं का अंधानुकरण करके समाज में रूढ़िवादिता फैलाना

(C) सत्ताधारी वर्ग का महिमामंडन करके अपने व्यक्तिगत स्वार्थ को साधना

(D) सामाजिक विसंगतियों की उपेक्षा करके समाज को दिशाहीन बनाना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश : *निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (61 से 65) के उत्तर दीजिए :*

जल ही जीवन का आधार है, लेकिन वर्तमान समय में तीव्र शहरीकरण, औद्योगिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट एक विकराल रूप धारण कर चुका है। भूजल का अत्यधिक दोहन और नदियों का प्रदूषण इस समस्या को और अधिक गंभीर बना रहा है। पारंपरिक जल निकायों, जैसे तालाब, बावड़ी और कुओं की उपेक्षा ने जल सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। जल संरक्षण केवल एक पर्यावरणीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह मानव सभ्यता के अस्तित्व और आर्थिक स्थिरता से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

इस दिशा में 'वर्षा जल संचयन' एक अत्यंत प्रभावी तकनीक सिद्ध हो सकती है। छतों और खुले क्षेत्रों से वर्षा के जल को एकत्रित करके भूजल स्तर को पुनः रिचार्ज किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों, जैसे ड्रिप (टपक) और स्प्रिंकलर (फव्वारा) प्रणाली को अपनाकर जल की भारी बर्बादी को रोका जा सकता है। उद्योगों में प्रयुक्त जल का पुनर्चक्रण भी अनिवार्य किया जाना चाहिए। नीतिगत स्तर पर कठोर नियमों के निर्माण के साथ-साथ जन-जागरूकता फैलाना अत्यंत आवश्यक है। जब तक प्रत्येक नागरिक जल की एक-एक बूँद का मूल्य नहीं समझेगा, तब तक कोई भी योजना पूर्णतः सफल नहीं हो सकती। भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन को अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

61. कृषि क्षेत्र में जल की बर्बादी रोकने के लिए किन पद्धतियों को अपनाने का सुझाव दिया गया है ?

(A) सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों

(B) सतही सिंचाई पद्धतियों

(C) लिफ्ट सिंचाई पद्धतियों

(D) प्लावन सिंचाई पद्धतियों

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित करने के लिए _____ जल संसाधन प्रबंधन को अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

(A) असीमित

(B) पारंपरिक

(C) एकपक्षीय

(D) एकीकृत

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. गद्यांश के अनुसार जल संकट के विकराल होने के कारण क्या हैं ?

(A) प्लास्टिक कचरे का प्रसार और वैश्विक तापन में कमी

(B) तीव्र शहरीकरण, औद्योगिक विकास और जलवायु परिवर्तन

(C) अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि, वनों का उन्नयन और ध्वनि प्रदूषण

(D) वनों की कटाई और प्लास्टिक कचरे का निस्तारण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. उद्योगों में जल संरक्षण हेतु किस उपाय को अनिवार्य बनाने की बात कही गई है ?

(A) भूजल का असीमित दोहन

(B) केवल वर्षा जल का प्रयोग

(C) जल आपूर्ति का निजीकरण

(D) जल का पुनर्चक्रण

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. भूजल स्तर के पुनर्भरण के लिए सबसे प्रभावी तकनीक कौन-सी बताई गई है ?

(A) जल का विलवणीकरण

(B) अंतर-राज्यीय नदी जोड़ो परियोजना

(C) बड़े बाँधों का निर्माण

(D) वर्षा जल संचयन

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. 'पानी-पानी होना' मुहावरे का अर्थ है :

(A) लज्जित होना

(B) जीत जाना

(C) इज्जत बचाना

(D) प्रसन्न होना

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. 'पित्राज्ञा' शब्द का संधि-विच्छेद है :

(A) पित्रु + आज्ञा

(B) पितृ + आज्ञा

(C) पित्र + आज्ञा

(D) पित्रा + अज्ञा

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. 'जिसे जाना न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(A) अगोचर

(B) अगम्य

(C) अजेय

(D) अज्ञेय

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. 'एकाग्र' शब्द का विलोम शब्द है :

(A) चंचल

(B) अनैक्य

(C) स्थिर

(D) अनेक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है ?

(A) पहला

(B) उषा

(C) परीक्षा

(D) रात्री

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

71. एक जगह ग्रीनविच से 90° पूर्व में स्थित है। उसका स्थानीय समय कितना आगे है ?

(A) 3 घंटे (B) 9 घंटे

(C) 6 घंटे (D) 12 घंटे

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

A place lies 90° east of Greenwich. How much ahead is its local time ?

(A) 3 hours (B) 9 hours

(C) 6 hours (D) 12 hours

(E) None of the above

72. किस भौगोलिक शब्द का अर्थ भूमि की उस संकरी पट्टी से है जो दो बड़े भू-भागों को जोड़ती है और दो जल निकायों को अलग करती है ?

(A) प्रायद्वीप (B) द्वीपसमूह

(C) स्थलडमरूमध्य (D) जलडमरूमध्य

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which geographical term refers to a narrow strip of land that connects two larger landmasses and separates two bodies of water ?

(A) Peninsula (B) Archipelago

(C) Isthmus (D) Strait

(E) None of the above

73. निम्नलिखित में से कौन-सा उत्तर से दक्षिण की ओर हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं के सही क्रम को दर्शाता है ?

(A) हिमाद्रि → हिमाचल → शिवालिक

(B) शिवालिक → हिमाचल → हिमाद्रि

(C) शिवालिक → हिमाद्रि → हिमाचल

(D) हिमाचल → शिवालिक → हिमाद्रि

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Which of the following represents the correct sequence of the Himalayan ranges from the north to the south ?

(A) Himadri → Himachal → Shiwalik

(B) Shiwalik → Himachal → Himadri

(C) Shiwalik → Himadri → Himachal

(D) Himachal → Shiwalik → Himadri

(E) None of the above

74. सिक्स (छह) डिग्री चैनल भारत के ग्रेट निकोबार द्वीप को निम्नलिखित में से किस देश से अलग करता है ?

(A) इंडोनेशिया

(B) मालदीव

(C) श्रीलंका

(D) थाईलैंड

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

The Six Degree Channel separates the Great Nicobar Island of India from which of the following countries ?

(A) Indonesia

(B) Maldives

(C) Sri Lanka

(D) Thailand

(E) None of the above